भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 21.09.2025

आरेडिका में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन

आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से राजभाषा पखवाडा के तहत दिनांक–17.09.2025 से 27.09.2025 तक विभिन्न राजभाषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक 20.09.2025 को राजभाषा पखवाडा के अन्तर्गत हिन्दी के विकास हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा "हिन्दी हैं हम" शीर्षक से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तकालय के प्रांगण में किया गया।

इसी कड़ी में दिनांक–22.09.2025 को सरस्वती प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक संध्या एवं विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें काव्य/गीत के क्षेत्र में मुकाम हासिल कर चुके प्रतिष्ठित कवि मुकुल महान (हास्य कवि), अरविन्द झा (हास्य कवि) शिखा श्रीवास्तव (श्रृंगार कवयित्री), योगेश शुक्ला (गीत) एवं प्रो0 डा0 विनम्र सेन सिंह (गीत समसामायिक) अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

इस कार्यक्रम में आरेडिका महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

21/09/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी